हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

11 मेरी कहानी- मेरी जुबानी कार्यक्रम में अनुभव बताया



12 वीर बाल दिवस पर चेयरमैन ने साहिबजादों के साहस को ...



## खबर संक्षेप

### भूना से मोटरसाइकिल चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस भूना से एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 13 भूना निवासी सुभाष ने कहा है कि वह मोटरसाइकिल को अम्बेडकर भवन के बाहर खड़ी कर अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसकी मोटरसाइकिल गायब थी।

### जिले से विवाहिता सहित दो लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में एक विवाहिता सहित दो लोगों के लापता होने का समाचार है। भूना पुलिस को दी शिकायत में गांव चौबारा निवासी एक व्यक्ति ने कहा कि उसकी पत्नी गत दिवस दवाई लेने के लिए बस में सवार होकर अग्रोहा गई थी और अब जब वह वापस घर नहीं लौटी है। दूसरे मामले में जाखल पुलिस ने ढाणी शक्करपुरा निवासी बाज सिंह की शिकयत पर उसके भाई 32 वर्षीय सुभाष चन्द के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### नायक समाज की बैठक 31 को भूना में

**फतेहाबाद।** नायक समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक 31 दिसंबर को सुबह 10 बजे भूना की पाबूजी धाम धर्मशाला में आयोजित की जा रही है। सुल्तान सिंह पंवार ने बताया कि बैठक में समाज के सभी संगठनों को आमंत्रित किया गया है।

### उपमंडल रतिया में रोजगार मेला 28 को

**रतिया।** उपमंडल रोजगार कार्यालय, रतिया द्वारा 28 दिसंबर को रतिया कार्यालय में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में पुखराज हेल्थकेयर कम्पनी द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों को रोजगार देने हेतू साक्षात्कार लिये जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने दी

### चार साहिबजादों को दी गई श्रद्धांजलि

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित जॉन वेसले कॉन्वेंट स्कूल में वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय के डायरेक्टर सन्नी गर्ग ने बताया कि वीर बच्चों द्वारा अपने धर्म की रक्षा के लिए दी गई ऐसी शहादत की मिसाल शायद ही सुनने को मिले।

### जाखल क्षेत्र में हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जाखल पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थाना जाखल पुलिस की टीम एएसआई राजकुमार के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान गांव गिरनो से चूहड़पुर की तरफ जा रही थी। पुलिस टीम ने बलकार सिंह उर्फ बल्लू निवासी की तलाशी ली तो उसके पास से 6.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## फतेहाबाद में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी घना कोहरा छाया रहा

# घने कोहरे के चलते एनएच पर पिकअप और ट्राला में हुई भिडंत, रेंगते दिखे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी घना कोहरा छाया रहा। धुंध व कोहरे के चलते दृश्यता काफी कम रही, जिस कारण वाहन सड़क पर रेंगते नजर आए। आज भी हिसार-सिरसा रोड बाईपास पर हांसपुर रोड के कट के पास आधा दर्जन गाड़ियां हादसे का शिकार हो गई। हांसपुर कट पर बन रहे फ्लाई ओवर के कारण डायवर्जन धुंध में दिख न देने पर स्पीड पर आ रही गाड़ियां लगातार यहां हादसे का शिकार हो रही हैं। गनीमत रही कि जान माल का नुकसान होने से टल गया। मंगलवार सुबह यहां एक पिकअप और ट्राला भीषण हादसे का शिकार हो गए। इसके पास ही दो अन्य पिकअप भी दुर्घटनाग्रस्त मिली। 3-4 ऐसे वाहन जिन्हें ज्यादा क्षति नहीं पहुंची, वे अपने गंतव्य को चले गए। प्रत्यक्षदर्शी अयाल्की निवासी परमजीत ने बताया कि रात 11 बजे वह अपने बाइक रेहड़ी को लेकर गांव की तरफ जा रहा था तो डायवर्जन से पहले उसे एक पिकअप ने स्पीड पर ओवरटेक किया, इसके तुरंत बाद आगे डायवर्जन देख पिकअप चालक ने ब्रेक लगा दी। उसी दौरान पीछे से आ रहे ट्राला चालक ने उसे बचाने के लिए ब्रेक लगाए और डिवाइडर पर ट्राला चढ़ा दिया। ट्राला पिकअप से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक में सवार चालक, परिचालक व पिकअप सवार को हल्की फुल्की चोटें लगीं। पिकअप में किन्नू भरे हुए थे जो पंजाब से रोहतक मंडी ले जाए जा रहे थे। दुर्घटना का पता चलने पर मलोट से पहुंचे राजन ने बताया कि यह पिकअप उनकी हैं और रात को अबोहर से किन्नू लोड कर इन्हें रोहतक मंडी भेजा गया था। सुबह उन्हें पता चला कि गाड़ियां यहां दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर डायवर्जन का दूर से कोई इशारा नहीं किया गया। निर्माणाधीन पुल के बिलकुल पास आकर एक दम से डायवर्जन के लिए बैरिकेड्स लगाए गए हैं और ऊपर से धुंध में यहां तो कुछ भी नजर नहीं आता। बता दें कि लगातार यहां डायवर्जन के पास हादसे हो रहे हैं। आज यहां हादसे के बाद पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वे हादसा क्षेत्र से कुछ दूर पहले आने जाने वाले वाहनों को इशारा कर बताते रहे कि आगे डायवर्जन है और वाहन धीरे चलाएं। लेकिन वाहन चालक लापरवाही से फुल स्पीड पर यहां पर आते जा रहे थे और देखते-देखते कई वाहन हादसे का शिकार होने से बचे।



### खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई कार

धुंध के कारण कालांवाली-ओढां रोड पर खड़ी ट्राली के कारण दो कारें टकरा गई। हालांकि, दुर्घटना में दैनिक यात्रियों को जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना का जायजा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ओढां-कालांवाली रोड पर ओढां के नजदीक एक क्षतिग्रस्त ट्राली खड़ी थी। जिसका कुछ हिस्सा सड़क पर था। ओढां की ओर से आ रहे ट्रक को साइड देने के चलते धुंध के कारण ट्राली दिखाई नहीं दी और कालांवाली से सिरसा जा रही कार सीधी पीछे से खड़ी ट्राली में जाकर लगी। इसके बाद पीछे आ रही कालांवाली से सिरसा जा रही कार भी धुंध के कारण दिखाई ना देने के कारण और सड़क पर बिखरे तेल के कारण ब्रेक ना लगने के कारण दूसरी कार भी उनमें जा टकराई। गनीमत रही कि दोनों कार में सवार लोगों की जान बच गई। पहली टकराने वाली कार में चार लोग सवार थे। जिसमें दो युवतियों सहित तीन निजी बैंक कर्मचारी और एक दुकानदार शामिल थे। घटना में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और चालक व परिचालक को मामूली चोटें आई है। जबकि दूसरी कार सवार 5 लोग भी बाल-बाल बच गए। लेकिन कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई।

## हादसे से बचाव के लिए प्रशासन ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



सिरसा। ट्रैक्टर-ट्राली पर रिफलेक्टर लगाते हुए थाना प्रभारी व क्लब सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

सर्दी के मौसम में कोहरे व धुंध के मद्देनजर सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मंगलवार ओलंपिक फुटबॉल एवं स्पोर्ट्स युवा क्लब, ग्राम सुधार युवा मंडल पन्नीवाला मोटा एवं पुलिस प्रशासन ओढ़ा द्वारा नेशनल हाईवे नंबर 9 पर स्थित बस स्टैंड पन्नीवाला मोटा में वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाओ अभियान शुरू किया। इस अभियान का नेतृत्व पुलिस प्रशासन थाना प्रभारी ओढ़ां अनिल सोढ़ी ने किया। इस दौरान क्लब सदस्यों व पुलिस के कर्मचारियों ने ज्यादातर सड़कों पर चलने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाए और चालकों को धुंध व कोहरे में ध्यान पूर्वक ड्राइविग करने तथा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आह्वान किया। थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी व क्लब प्रधान संदीप बादल ने रिफ्लेक्टर लगाओ अभियान के दौरान कहा कि जिला पुलिस के आदेश पर रिफ्लेक्टर लगाओ अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य उदेश्य है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जाए और विशेषकर ट्रैक्टर-ट्राली के चालकों को प्रेरित भी किया जाए। आमतौर पर देखा गया कि ट्रालियों के पीछे रिफ्लेक्टर न लगा होने के कारण अनेक ऐसी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इस अवसर पर गृह रक्षी भजन लाल, राजविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, इंद्रपाल कस्वां, नरेश डुडी, अमरजीत इंदौरा, लखा सिंह, कुलदीप नंबदार, चंद्रपाल जांगड़ा आदि उपस्थित थे।

## बदमाशों ने इलेक्ट्रॉनिक दुकान में की तोड़फोड़

- दुकान पर काम करने वाले कारिंदे के साथ मारपीट की
- कारिंदे को इलाज हेतु जाखल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग जिंदल रोड़ पर एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा यहां दुकान में तोड़ फोड़ की गई है। वहीं दुकान पर काम करने वाले कारिंदे के साथ नाजायज तोड़फोड़ के साथ मारपीट की गई। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए जाखल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवा दिया गया है। जिंदल रोड पर घटित घटना को लेकर दुकानदारों व मंडी वासियों में रोष है। जैसे ही इस मामले को लेकर आसपास के दुकानदारों द्वारा पुलिस को सूचित किया गया तो स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी देते हुए दुकान मालिक राजेंद्र कुमार ने बताया कि वो किसी काम के लिए दुकान से बाहर गया हुआ था तो पीछे से कुछ युवकों ने दुकान में घुस कर दुकान में रखे सामान को तोड़ा है और दुकान पर काम करने वाले कारिंदे से मारपीट की है।

उन्होंने बताया कि दुकान पर काम करने वाले कारिंदे को इलाज हेतु जाखल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ रोज पहले उक्त युवकों में से एक ने रिचार्ज करवाया था, जिसमे उनका घटनाक्रम से कुछ समय पहले फोन कर धमकियां भी दी गई थी। जिसके बाद उक्त आरोपियों ने घटना को अंजाम दे दिया।



जाखल। घटनास्थल पर पहुंचकर जांच करते पुलिस अधिकारी।

## पॉयनियर स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का शानदार आयोजन किया गया। इसके तहत 23 दिसम्बर को गीता जयंती के पावन अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज के आह्वान पर एक मिनट एक साथ गीता पाठ किया गया। इसी के साथ ही सोमवार को तुलसी दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में तुलसी पूजन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों व स्टाफ ने बड़ी धार्मिक प्रक्रिया के अनुसार तुलसी जी का पूजन किया गया व सभी को तुलसी जी के धार्मिक, अध्यात्मिक व औषधीय महत्व की जानकारी दी गई। इसी कड़ी में आज बाल वीर दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिन्दू धर्म एवं देश की रक्षा हेतु श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के साहिबजादों अजित सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह द्वारा दी गई कुर्बानियों का वर्णन किया गया जो दुनिया भर में एक मिसाल हैं। इन कार्यक्रमों में मैनेजिंग डायरैक्टर विजय निर्माही, चेयर पर्सन शीलू निर्मोही, प्रिंसिपल गीतिका मेहता, वाईस प्रिंसिपल मैत्री निर्मोही व डायरेक्टर निशान्त निर्मोही ने विचार रखे।





फतेहाबाद। पॉयनियर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

## चावल की डिलीवरी नहीं करेंगे मिलर



रतिया। सरकार द्वारा थोपी गई नई शर्तों का विरोध करते राइस मिलर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

सरकार ने हरियाणा के राइस मिलर पर जो नई शर्तें थोपी हैं, उन शतार्ें पर राइस मिलर चावल की डिलीवरी देने में असमर्थ है। जब तक सरकार नई लगाई गई शर्तें वापस नहीं लेती, तब तक हरियाणा के राइस मिलर सीएमआर चावल की डिलीवरी शुरू नहीं करेंगे।

राइस मिलर एसोसिएशन केजिला प्रधान सुरेश जिंदल ने बताया कि सरकार किसानों से एमएसपी पर जो परमल धान की खरीद करती है, उस धान को राइस मिलों में भंडार किया जाता है। उसके बदले राइस मिलर को एक क्विंटल धान के पीछे 67 किलो चावल देना होता है लेकिन प्रधानमंत्री योजना के तहत अब राइस मिलर को एक क्विंटल चावल के पीछे 1 किलो फोर्टिफाइड चावल मिक्स करके देना है जो फोर्टिफाइड चावल मिक्स करना है। सरकार राइस मिलर से 100 रुपये के स्टांप पेपर पर अंडरटेकिंग मांग रही है कि फोर्टिफाइड राइस में आयरन, विटामिन 9, विटामिन 12 की मात्रा सही क्वांटिटी में मिलाई गई है। अब सवाल उठता है जिस चीज को राइस मिलर ने बनाया ही नहीं है, उसकी अंडरटेकिंग राइस मिलर कैसे दे सकता है।

सुरेश जिंदल ने बताया कि इसके इलावा भारतीय खाद्य निगम द्वारा एक नई विंग अप शुरू की गई है, जिसके अनुसार कहां पर राइस मिलर ने चावल की डिलीवरी देनी है, उस स्टेशन को बताया जाता है लेकिन नई विंग अप रतिया के राइस मिलर को बरवाला, जाखल, टोहाना तथा डबवाली, रोडी के राइस मिलर को भट्टू एफसीआई डिपू में चावल देने का निर्देश दे रही है जबकि किराया केवल नजदीकी स्टेशन का ही दिया जाएगा। सुरेश जिंदल ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि नहीं लगाई शर्तों को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए ताकि मिलर को परेशानी ना हो।

## नेचुरोपैथी सेंटर व योग केंद्र का हुआ शुभारंभ

- मरीज घर बैठे भी डॉक्टरों की सलाह ऑनलाइन लेकर हो सकेंगे स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अब मरीज बिना दवा के प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से अपना इलाज करा सकेंगे। इसके लिए उत्तर भारत के सबसे बड़े अस्पताल एमएसजी नेचुरोपैथी सेंटर योग ध्यान एवं षट्कर्म का शुभारंभ शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में किया गया, जिसकी शुरूआत डेरा के चेयरमैन डा. पीआर नैन व प्रबंधन समिति के सदस्यों, अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों और कर्मचारियो ने की। आपको बता दें कि इससे पहले शाह सतनाम जी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मरीजों को एलोपैथिक और आयुर्वेदिक पद्धति की सुविधाएं दी जा रही हैं। प्राकृतिक चिकित्सा के शुरू होने से अब एक ही छत के नीचे तीन पद्धतियों से इलाज संभव हो गया है।

इस मौके पर डेरा सच्चा सौदा के चेयरमैन डा. पीआर नैन ने कहा कि डेरा प्रमुख और डेरा सच्चा सौदा का एक ही उद्देश्य है कि मरीजों को सस्ती दरों पर इलाज मिले। उन्होंने कहा कि चाहे इलाज किसी भी पद्धति से हो, लेकिन रोगी का तंदुरुस्त होना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। नैन ने कहा कि डेरा प्रमुख ने इलाज के लिए एक ही छत के नीचे तीनों पद्धतियों के अस्पताल की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल दुनिया में मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. जितेंद्र ने कहा कि नेचुरोपैथी सेंटर योग ध्यान एवं षट्कर्म उत्तर भारत का सबसे बड़ा प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र है। यहां बिना दवा के असाध्य रोगों का इलाज किया जाएगा। पहले लोगों को इलाज कराने के लिए दक्षिण क्षेत्र में जाना पड़ता था। अब इस सेंटर में ध्यान, योग और खान-पान में बदलाव से बीमारियों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानव शरीर पांच तत्वों जल, पृथ्वी, वायु, अग्नि, आकाश से बना है, इसलिए इस सेंटर में मरीजों का इलाज प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से किया जाएगा। इस केंद्र में मरीजों का इलाज हाइड्रो कोलोन थेरेपी के साथ-साथ पंचकर्म की प्राचीन पद्धति सहित उन्नत प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा के संबंध में लोगों की धारणा है कि इससे इलाज में लंबा समय लगता है, लेकिन यह समझने की जरूरत है कि छोटी-मोटी बीमारियों को तुरंत ठीक किया जा सकता है।



सिरसा। सेंटर में मरीजों का इलाज प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से करते हुए।

**आयोजन** विद्यार्थियों को गणित विषय से सम्बंधित रोचक जानकारियां दी

# बीएड कॉलेज में मनाया गया नेशनल मैथेमेटिक्स डे, पोस्टर प्रतियोगिता में पूजा ने मारी बाजी

- रामानुजन एक महान गणितज्ञ थे। इन्होंने संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में गहन योगदान दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में नेशनल मैथेमेटिक्स डे मनाया गया। प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर आयोजित नेशनल मैथेमेटिक्स डे के तहत प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को गणित विषय से सम्बंधित रोचक जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में बीएड, बीएबीएड के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने किया। गणित विभाग की इंचार्ज विकांशी व प्रोफेसर सुनीता रानी ने विद्यार्थियों को लाभ-हानि और अनुपात के बारे में जानकारी दी वहीं नेशनल मैथेमेटिक्स डे के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के इरोड में हुआ। रामानुजन एक महान गणितज्ञ थे। इन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। इन्होंने संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में गहन योगदान दिया। इन्होंने अपनी प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्भुत आविष्कार किये वरन भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया। इन्ही की याद में हर वर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्किट, पोस्टर, प्रेजेंटेशन के द्वारा गणित की महत्वता के बारे में अवगत कराया। राहुल, नेहा व आरती ने स्किट द्वारा गणित का अन्य विषयों में प्रयोग बताया। पोस्टर प्रतियोगिता में पूजा प्रथम, पलक द्वितीय व सक्षम तृतीय स्थान पर रहे वहीं पलक ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से गणित के संख्या प्रणाली के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।





फतेहाबाद। एमएम बीएड कॉलेज में नेशनल मैथेमेटिक्स डे पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



## खबर संक्षेप



### पैक्स कर्मचारी आज करेंगे सीएम आवास का घेराव

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा के कर्मचारियों की एक बैठक शाहाबाद पैक्स में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता कर्मचारी मंजीत सिंह ने की। बैठक के बाद हरियाणा सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री का घेराव करने बारे कहा। मंजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा में सभी पैक्स कर्मचारी सरकार की नीतियों से परेशान है और इससे पहले 19 दिसंबर को पंचकूला में हरियाणा के सभी पेक्स कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया था।

### चोरों ने सूने घर से चुराई 25 हजार की नकदी

**यमुनानगर।** शहर की सत्यम विहार जोगिंदर नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये की नकदी तथा चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर सरहिंद पंजाब गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के लिए गए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नपा ने रादौर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**रादौर।** नगरपालिका की ओर से मंगलवार को कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा सचिव सुरेंद्र मलिक की देखरेख में कस्बे के कॉलेज रोड पर जेसीबी मशीन से सड़क किनारे पड़ी गंदगी की सफाई करवाई गई। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि कस्बे में गलियों व नालों की विशेष साफ-सफाई करवाई जा रही है।

### 80 पूडिया गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर के मनमोहन नगर एरिया से पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में मनमोहन नगर के रामचंद्र को 80 पूडिया गांजा सहित काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने भारत नगर काबड़ी रोड पर नशा तस्कर ओमपाल पुत्र खिलाराम निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को 1 किलो 35 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी ओमपाल के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पिछले कई दिन से कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्तव्यस्त

# घने कोहरे व शीतलहर से ठिठुरे लोग

### मंगलवार को तीसरे दिन भी शीतलहर चलने और घना कोहरा छाए रहने से लोग ठंड में ठिठूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से शीतलहर चल रही है और घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी अल सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। आलम यह रहा कि घना कोहरा छाए रहे व शीतलहर चलने से मौसम में बनी हाड़तोड़ ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर बाद ही सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने धूप तापकर ठंड से राहत की सांस ली। वहीं, घना कोहरा पड़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

### घने कोहरे में वाहनों की हुई रफ्तार कम

मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। वहीं, दोपहर एक बजे तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। दोपहर एक बजे के बाद किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। मगर शाम चार बजे फिर से धूप गायब हो गई और लोग अपने गंतव्यों की रुख करने लगे। खास बात यह रही कि दोपहर तक जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से आधा से दो घंटा देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

### तापमान घटने से ठंड ने छुड़वाई कंपकपी

मंगलवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह गया।



**यमुनानगर।** मंगलवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को भी बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिले में जहां दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा, वहीं, दिन भर शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

## कोहरे की चादर में लिपटा शहर, जनजीवन अस्त व्यस्त



**कुरुक्षेत्र।** आसमान में छाई कोहरे की चादर।

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को दोपहर तक शीतलहर चलने के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। इस कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शीतलहर चलने के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ने से लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। सुबह के समय लोग नींद से जागे तो उन्हें अंधेरे-सा अहसास हुआ। वाहन चालकों को दिन के समय भी हेडलाइट जलाना पड़ी। कोहरा इतना अधिक रहा कि आस-पास के मकान भी धुंधले दिखाई दे रहे थे। कपंकपाती सर्दी से बचने के लिए गलियों, चौराहों के साथ ही लोगों ने दुकानों के सामने अलाव जलाकर आग तापते रहे। सर्दी का प्रभाव इतना अधिक था कि गर्म कपड़े पहनने के बाद भी लोगों को ठंड से छुटकारा नहीं मिल पा रहा था। अलाव जला कर सर्दी से निजात पाने का प्रयास किया गया। ठंड के साथ धुंध लगातार बढ़ती जा रही है। हवा में ठिठुरन से हाड़ कंपाऊ ठंड से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ पड़ रहा कोहरा भी कहर ढाने लगा है। सर्दी की अधिकता के चलते वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि यह कोहरा किसानों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ धुंध के चलते दृश्यता काफी कम रही। इसके चलते वाहनों की रफ्तार धीमी रही। सड़कों पर वाहन सवार लाइट जलाकर चलते नजर आए। दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा। सुबह अपने कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, बाजारों में सुबह सर्दी के चलते दुकानें काफी देरी से खुली। दुकानदारों ने सुबह सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। वहीं सर्दी के प्रभाव को देखते हुए बाजारों में गर्म कंबलों, कोट, गर्म जैकेट, जर्सी की भी मांग बढ़ गई है। गौरतलब है कि कोहरे के चलते ठंडक बढ़ गई है। सुबह से समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। दोपहिया वाहन चालक जब अपने गंतव्य पर पहुंचे तो उनके कपड़ों पर भी कोहरा जम गया था। दोपहर 12 बजे कोहरा हटा और इसके बाद हलकी धूप निकली।



इंद्री। गांव मटकमाजरी के पास बन रहे निर्माणाधीन शौरूमो पर चलता पीला पंजा।

## योजनाकार विभाग की टीम ने चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को इंद्री में पहुंचकर अवैध रूप से बने निर्माणाधीन चार शोरूमों व एक अवैध कॉलोनी में बनी मकान की नींव को पीले पंजे की सहायता से ध्वस्त कर दिया। डीटीपी ओमप्रकाश व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नगरपालिका इंद्री सचिव धर्मवीर भारी पुलिस बल के साथ इंद्री के मटक माजरी के पास खेड़ा रोड पर पहुंचे और वहां पर अवैध रूप से बनाए जा रहे तीन निर्माणाधीन शोरूमो को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया इसके बाद इन्ही शोरूमो के पीछे बनी एक अवैध कॉलोनी मे निर्माणाधीन मकान की नींव को भी तोड दिया। इस कार्यवाही के बाद डीटीपी अपनी टीम के साथ मुरादगढ रोड पर पहुंचे और वहां पर भी सड़क किनारे एक अवैध रूप से बन रहे निर्माणाधीन शौरूम को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से इंद्री कस्बे के चारो तरफ धड़ल्ले से अवैध निर्माण का कार्य चल रहा था। जिला योजनाकार विभाग की इस कार्यवाही से अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में हडक़ंप मच गया। डीटीपी ओमप्रकाश ने लोगो से कहा कि वे अवैध कलोनियो मे प्लाट न खरीदे क्योकि अवैध कलोनियों मे इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### 528 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र के नौरंग तालाब से नशीले कैप्सूलों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी आशीष मल्होत्रा को काबू किया है। अब पुलिस ने उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने नौरंग राय तालाब के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 528 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

## पेयजल की पाइप न डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

वार्ड नंबर सात स्थित बालाजी मंदिर वाली गली में पिछले कई वर्षों से पीने की पाइप ना डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। कॉलोनी वासी बार-बार संबंधित विभाग व प्रशासन को इसके बारे में अवगत करवा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही गुस्साए कालोनी वासियों ने प्रशासन के खिलाफ कॉलोनी में एकत्रित होकर रोष प्रकट किया है।

नीरज कुमारी गणपति, किरण, आशा रानी, अमित, साहिल,पोली देवी, यश, गोल्डी नर्मिला व रविता आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी का ज्यादातर हस्सिा एप्रूव्ड हो चूका है। कॉलोनी में मात्र एक दो गालियां ही ऐसी है जो अनुप्रूड है। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों इन कॉलोनी में पीने के पानी हेतु पाइप डाल दिया था। लेकिन बालाजी मंदिर वाली गली व इसके एक साथ लगती गली में पाइप नहीं डाला गया। इसके बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से कई बार पत्र व्यवहार भी किया व सीएम विंडो के माध्यम से भी प्रदेश सरकार से आग्रह किया। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इन दोनों गलियों में पीने के पानी की पाइप डाली नहीं गई है।जिसके चलते इन दोनों गली के निवासियों को पानी की एक बाल्टी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

## 400 करोड़ के कर्ज में डूबी शुगर मिल को अटैच करने आदेश

- विरोध में उतरी किसान यूनियनें, एसडीएम ऑफिस में धरने का ऐलान, फसल लोन के 35 करोड़ भी डकारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- किसानों के 70 करोड़ फंसे

कर्ज में डूबी बनौंदी शुगर मिल को अटैच करने के आदेश जारी हो चुके हैं। अदालत के इन आदेशों के बाद वे किसान परेशान हैं जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान मिल की ओर बकाया है। ऐसे में अब किसान मिल को अटैच करने के विरोध की तैयारी कर रही हैं। किसान यूनियनों ने बुधवार को एसडीएम ऑफिस के सामने धरने का ऐलान किया है। किसानों का कहना है कि अगर मिल कुर्क हो गई तो उनका बकाया भुगतान डूब जाएगा। किसान इन लंबित भुगतान के लिए धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि कर्ज में डूबी मिल किसानों की इस पेमेंट का भुगतान नहीं कर पा रही है।



### 6000 किसानों का 70 करोड़ बकाया

बनौंदी शुगर मिल की ओर से 6000 से ज्यादा किसानों का करीब 70 करोड़ रुपये बकाया है। पिछले लंबे समय से

### फसल लोन के 35 लाख डकारे

2014 में राज्य सरकार की ओर से फसल लोन की योजना आई थीद्ध योजना के मुताबिक कोई भी गन्ना उत्पादक किसान शुगर मिल की गारंटी पर 3 लाख तक का क्रॉप लोन ले सकता है। इस योजना का फायदा शुगर मिल ने उठाया। उसने किसानों को बहला फुसलाकर 600 से अधिक किसानों के नाम पर दो बैंकों से 35 करोड़ से अधिक का लोन ले लिया।

### जेल की हवा खा रहे हैं मालिक

चीनी मिल को डूबोने में काफी हद तक मालिक राहुल आनंद व सहयोगियों का भी हाथ है। आरोप है कि राहुल आनंद ने कई अलग-अलग कंपनियां बनाकर सहयोगियों के साथ मिलकर एनएसईएल में 122 करोड़ का घोटाला किया है। 3 साल पहले हरको बैंक के जीएम की शिकायत पर शहजादपुर पुलिस ने राहुल आनंद पर केस दर्ज किया था।

### 400 करोड़ के कर्ज में डूबी मिल

बनौंदी शुगर मिल 400 करोड़ के कर्ज में डूबी है। पता चला है कि मिल की ओर हरको बैंक के करीब 120 करोड़, इरेडा के 200 करोड़ व किसानों के 70 करोड़ की रकम बकाया है। मिल घाटे में होने की वजह से हर साल यह रकम बढ़ती है। बढ़ते कर्ज की वजह से मामला अदालत में चला गया। इसी वजह से अदालत ने मिल को कुर्क कर बकाया भुगतान के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी किसानों ने कुछ दिन हपले ही मिल की ओर किसानों के बकाया गन्ने के भुगतान का जिक्र किया था। तब मुख्यमंत्री ने कहा था कि शुगर मिल निजी है।

## चीनी मिल के कुर्क होने के लिए सरकार जिम्मेदार

### प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर बोला हमला

- पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



बनौंदी शुगर मिल के अटैच होने को लेकर अब प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही। किसान की जीवन रेखा पर कुर्की की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि 2014 में हाईकोर्ट में नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड ने केस दायर किया था जिसमें अन्य के अलावा नारायणगढ शुगरमिल मिल भी पक्षकार थी। सिविल रिट पिटीशन में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश को इस मामले में रिटायर्ड जस्टिस की अगुवाई में सुप्रीम कमेटी का गठन कर दिया था ।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कमेटी ने अपने आदेश दिनांक 24 अगस्त 2023 को शुगर मिल की संपतियों को अटैच कर दिया। 30 सितंबर 2019 की एसडीओ सिविल शुगर मिल की सीईओ भी है ने कैन कमश्निर को पत्र लिख इस सारे मामले से अवगत करते हुए एडवोकेट जनरल से कानूनी सलाह लेने के लिए लिखा लेकिन सरकार ने आंखे मुंदे रखी। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि यह मिल कुर्क हो जाती है तो मिल से जुड़े लगभग 7 हजार किसानों को भारी नुकसान होगा।

## जरुरतमंदों को कंबल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सर्दी के मौसम से बचाव के लिए श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता ने अपने परिजनों के सहयोग से लाला हरि चंद रविंद्र कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से नई अनाज मंडी में सैकड़ों जरुरतमंदों को गर्म कंबल तथा गर्म कपड़े वितरित किए। सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ विनय गुप्ता, शीशपाल सिंगला, हंस राज सिंगला प्रधान श्री कृष्ण कृपा गौशाला, राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग व अंशुल बंसल सदस्य कार्यकारिणी, राजेश सिंगला प्रदेश महासचिव अग्रवाल वैश्य समाज, कपिल मित्तल कोषाध्यक्ष श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत, हरविंद्र बंसल व चत्तर सिंह इत्यादि ने तीन सौ से अधिक लोगों को गर्म कंबल दिए। विनय गुप्ता ने बताया कि सत्य प्रकाश गुप्ता ने छोटे भाई स्वर्गीय रविन्द्र गुप्ता की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर कंबल वितरित किए। इसके उपरांत विशाल भंडारे में सैंकड़ों लोगों को भोजन करवाया गया।

## हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व

- श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में सुंदर कांड पाठ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** प्रभु श्रीराम का गुणगान करते हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी।

श्री महेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में श्री बजरंग बालाजी दरबार द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से संगत पहुंची। इस दौरान हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी ने हनुमान जी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की और प्रभु श्रीराम के भजन गाए। भट्टी ने कहा कि मेरे व मेरे परिवार पर हनुमान जी की अपार कृपा है। जो मुझे प्रभु श्रीराम की कृपा से हनुमानजी का रूप मिला हुआ है। हनुमान जी सदैव उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते है। श्रीबजरंग बालाजी दरबार के संयोजक बजरंग दास ने कहा कि सुंदर कांड का पाठ करने से प्रभु श्रीराम जी की कृपा होती है। हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व होता है। मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति नियमित अंतराल में घर पर सुंदरकांड का पाठ करता है उसे बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## करोड़ा अब स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा : गोलन

- विधायक रणधीर गोलन ने 45 लाख रुपये से गांव करोड़ा में स्ट्रीट लाइटों का किया उद्घाटन

**पूंडरी।** विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये की धनराशि से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अब गांव में ही लोगों को शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। रात के समय में जैसे लाइटों से शहर जगमग रहते हैं, वैसे ही इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र भी लाईटों से जगमग होने लगे। यह सब हलके वासियों के आशीर्वाद से हो पाया है। विधायक रणधीर गोलन मंगलवार को गांव करोड़ा में 45 लाख रुपये की धनराशि से स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे।

गांव करोड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हलके में विकास कार्य मंजूर करवाए जा रहे हैं। लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है। ग्रामीण यदि सामुहिक मांगों को मेरे समक्ष रखते हैं तो उन्हें तुरंत मुख्यमंत्री मनोहर से मंजूर करवाया जाता है। पूंडरी हलके में बहुत से गांवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया गया है तथा कई गांवों में सामुदायिक भवन पर कार्य चल रहा है। कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सेवाओं का लाभ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वास्तव में ही विधायक रणधीर गोलन का काम करवाने की क्षमता में कोई मुकाबला नहीं हैं। पूरे हरियाणा में एकमात्र पूण्डरी हल्का है जहां सबसे ज्यादा ग्रांट विधायक ने सरकार से लाने का काम किया।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को सफाई कर्मियों ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला कार्यकारी प्रधान ईश्वर सिंह ने किया।

प्रदर्शन से पहले ग्रामीण सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को जिला में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का अक्टूबर महीने का भी मानदेय जारी नहीं हुआ है जबकि अभी हाल में पंचायत विभाग की ओर से बकाया वेतन जारी करने का लेटर भी जारी हो चुका है। इस महंगाई में एक-एक दिन काटना मुश्किल हो रहा है लेकिन स्थानीय अधिकारी सफाई कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। इसके इलावा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड आजतक जारी नहीं हुए हैं। जिला में कई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है लेकिन आजतक उसके परिवार को सरकार की तरफ से कोई मुआवजा नहीं मिला है।

## गणेशपुर में साहिबजादों के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूम न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए वीर बाल दिवस पर गांव गणेशपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमेन राजेश कुमार लाडी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि साहिब-ए-कमाल गुरू गोबिंद सिंह महाराज और माता गुजर कौर की शहीदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। इस अवसर पर जिला परिषद.के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा भी मौजूद रहे। लाडी ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम साहिबजादों का जीवन संदेश हर बच्चे तक पहुंचाए, जिससे की बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश का एक अच्छा नागरिक बन सकें।

## स्कूल शिक्षा के मंदिर, पढ़ने वाले समाज की अमूल्य धरोहर

- संत मनदीप दास ने एसडीएम के साथ स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म का वितरण करते संत मनदीप दास व एसडीएम बलविंद्र हांडा। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सिरसगढ़ में यूनिफॉर्म वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में अति विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा व सरपंच रामनाथ मौजूद रहे । यहां अपने संबोधन में संत मनदीप दास ने कहा कि स्कूल शिक्षा के मंदिर है। इनमें पढ़ने वाले विद्यार्थी समाज की अमूल्य धरोहर हैं। संत मनदीप दास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा के ऊपर जोर दिया है । साथ ही कहा की बच्चों को शिक्षा संबंधित जरूरतों का ख्याल रखना शिक्षकों के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है इसलिए छात्रों की मदद करने से बेहद आत्मिक खुशी मिलती है ।एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा ने छात्रों को स्कूली वर्दी प्रदान करने पर संत मनदीप दास महाराज का आभार एवं धन्यवाद जताया । एसडीएम ने कहा कि संत मनदीप दास ने स्कूली छात्रों को जरुरत का सामान उपलब्ध करवाकर नेक काम किया है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी ऐसी सेवा में अपनी आहुति देने की बात कही। इस मौके पर श्री गुरू रविदास धर्म अस्थान मंदिर सिरसगढ़ के प्रधान अमित मल , रमेश कुमार धीन एवं कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहें ।

## खबर संक्षेप

### नशे के खिलाफ किया कोरियोग्राफी

सिरसा। आरपीएस वर्ल्ड स्कूल दारेवाला में वार्षिक समारोह मनाया गया। समारोह में मुख्यातिथि सीडीएलयू के पूर्व कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक थे जबकि विशिष्ट अतिथि प्रो. दीप्ति धर्माणी मौजूद थी जबकि अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर कपिल शर्मा ने की। कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने नशे के खिलाफ कोरियोग्राफी प्रस्तुत की जिसे उपस्थितजनों ने खूब सराहा।

### नन्हेड़ी गांव से हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव नन्हेड़ी में एक मकान में घुसकर हजारों की नकदी चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव नन्हेड़ी निवासी गुरमीत सिंह ने कहा है कि गत दिवस दोपहर को वह अपने खेत में गया था और उसके घर पर कोई नहीं था। पीछे से अज्ञात चोर हथौडे.और सरिये की सहायता से उसके घर का दरवाजा तोड़कर अंदर जा घुसे। चोर उसके मकान से 20 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए।

### ऑनलाइन फ्रॉड करने के मामले में दो काबू

**नारनौंद।** पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपितों की पहचान ऋतिक निवासी हरनोई थाना रक्सोल व नाजिर निवासी खिरलीचिया थाना रक्सौल जिला मोतीहारी, बिहार के रुप में हुई। दोनों युवकों ने कुछ समय पहले ही पहले धर्मखेड़ी निवासी ईश्वर से रिश्तेदार बनकर तीन लाख 75 हजार रुपये का ऑनलाइन फ्राड किया था।

### बाइक चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों की पहचान विकास व साहिल निवासी वार्ड नंबर 10 नारनौंद के रूप में हुई। दोनों युवकों के कब्जे से चोरी की हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर पुलिस ने बरामद किया। दोनों को न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ की जाएगी कि उन्होंने और कहां-कहां पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया

# मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम में अनुभव बताया

**गांव कुक्कड़थाना, मोचीवाली, लहंगेवाला, मत्तड़, बनवाला, धोतड़, ढाणी बंगी व राजपुरा में पहुंची जनसंवाद यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत शिकायतों का समाधान करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जिला के गांव कुक्कड़थाना, मोचीवाली, लहंगेवाला, मत्तड़, बनवाला, धोतड़, ढाणी बंगी व राजपुरा में पहुंची। गांव कुक्कड़थाना में हरियाणा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा. विनोद स्वामी, गांव लहंगेवाला व मत्तड़ में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, गांव मोचीवाली में वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेश मेहता, गांव बनवाला में हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन आदित्य देवीलाल व राजपुरा में वरिष्ठ भाजपा नेता देव कुमार शर्मा, गांव धोतड़ व ढाणी बंगी में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज ने यात्रा का स्वागत किया।

कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अनेक योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी - मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत मंच के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद कार्यक्रम अनेक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडली ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और ग्रामीणों को गीतों व भजनों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर उत्कृष्ट कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है।

# बाप-बेटे ने चैम्पियनशिप में जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



फतेहाबाद। स्टेट मास्टर्स एथलीट में विजेता दि फतेहाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक के भूतपूर्व मैनेजर हरजितेन्द्र सिंह जिन्दी।

गुरूग्राम में हुई 32वीं हरियाणा राज्य मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बाप और बेटे ने अलग-अलग गोल्ड मेडल जीतकर हसंगा गांव का नाम रोशन किया है। एचएमएए हरियाणा के सचिव आरके शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान हरियाणा राज्य के मास्टर्स एथलीट टीम का चयन हुआ। विजेता खिलाड़ी अब 5वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो कि 8 से 11 फरवरी तक हैदराबाद में होगी, उसमें भाग लेंगे। 32वीं हरियाणा राज्य मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 70 वर्ष आयु वर्ग की 800 मीटर, 1500 व 5000 मीटर की अलग-अलग दौड़ में हसंगा निवासी रामस्वरूप कुकणा ने गोल्ड मेडल जीतकर अपनी बुढ़ापे में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का इतिहास रच दिया। युवाओं की 800 मीटर दौड़ में उनके सुपुत्र महेंद्र कुकणा ने गोल्ड मेडल व 1500 तथा 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया।

## स्टेट मास्टर्स एथलीट में बैंक के पूर्व मैनेजर जिन्दी ने मारी बाजी

**फतेहाबाद।** गुरूग्राम में मास्टर्स एथलीट फैडरेशन ऑफ इंडिया, हरियाणा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में फतेहाबाद के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है। मास्टर्स एथलीट फैडरेशन ऑफ इंडिया, हरियाणा द्वारा 32वीं हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलीट चैम्पियनशिप का आयोजन 24 व 25 दिसम्बर को देवीलाल स्टेडियम गुरूग्राम में किया गया था। इस चैम्पियनशिप में प्रदेशभर से हजारों खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में दि फतेहाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. फतेहाबाद के भूतपूर्व मैनेजर हरजितेन्द्र सिंह (जिन्दी) ने 60 प्लस आयु वर्ग में भाग लिया और शॉटपुट में द्वितीय, डिस्कस थ्रो और जैवलीन थ्रो में तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा हैफेड विभाग फतेहाबाद में कार्यरत रूपेश शर्मा ने भी 35 प्लस आयु वर्ग में जैवलीन थ्रो में तृतीय स्थान हासिल कर जिले व अपने विभाग का नाम रोशन किया है। बता दें कि हरजितेन्द्र सिंह जिन्दी पहले भी इन खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। हरजितेन्द्र सिंह जिन्दी एक हादसे में चोटिल होने के कारण खेलों से दूर थे और नियमित रूप से प्रैक्टिस भी नहीं कर पा रहे थे।

### 1120 रुपए की सट्टा राशि सहित काबू

**डबवाली।** सार्वजनिक स्थल पर जुआ व सट्टा खेलने के आरोप में पुलिस ने गांव मौजगढ़ से सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने पर एक व्यक्ति को 1120 रुपए के साथ काबू किया है। पुलिस अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए व्यकित की पहचान जग्गा सिंह वासी मौजगढ़ रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी जग्गा सिंह के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत थाना सदर में केस दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# एसएम के घर चोरों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

जाखल में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि बीती रात अज्ञात चोरों ने राजकीय रेलवे पुलिस चौकी के समीप स्थित रेलवे कॉलोनी में स्टेशन मास्टर के सरकारी आवास को निशाना बनाया है। यहां चोरों ने रात को बंद पड़े स्टेशन मास्टर के क्वार्टर का ताला तोड़कर हजारों रुपए नकदी और अन्य सामान पर हाथ साफ किया है। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने जायजा लेते हुए आगामी जांच शुरू कर दी हैं। बता दें कि करीब डेढ़ माह पहले भी चोरों द्वारा इसी क्वार्टर के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया था लेकिन साथ में लगते क्वार्टर में कर्मचारियों के जागने के कारण उस समय चोर अपने मंसूबों में नाकाम रहे थे। इसे लेकर रेलवे कॉलोनी में रहने वाले रेल कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। स्टेशन मास्टर जगदीश लाल सोमवार रात को अपने क्वार्टर को बंद कर ड्यूटी पर गए थे। उनके ड्यूटी पर जाने के बाद अज्ञात चोर क्वार्टर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए हैं। मंगलवार सुबह स्टेशन मास्टर ड्यूटी से वापस पहुंचे तो देखा कि घर का सामान बिखड़ा पड़ा था। उन्होंने पाया कि अज्ञात चोर घर में पड़ी पांच हजार रुपए नकदी और कीमती जर्सी, कपड़े व चार्जर आदि अन्य समान चोरी कर ले गए हैं।

#### रेलवे पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह

रेलवे चौकी के बिल्कुल साथ स्थित क्वार्टरो में चोरी की घटनाएं होना रेलवे पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। आलम ये है कि रेलवे चौकी में लगे सीसीटीवी कैमरो को भी धत्त बताते हुए चोर बेखौफ होकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहें हैं। बता दें कि इससे पहले भी कॉलोनी में चोरियां हो चुकी है। इसे लेकर कॉलोनी वासियों में भय का माहौल बना है।

#### क्या कहते हैं जांच अधिकारी



चोरी की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस जांच अधिकारी सतनाम ने बताया कि स्टेशन मास्टर के बयानों के आधार पर शिकायत दर्ज कर ली गई है। इस मामले में पुलिस गहनता से जांच कर रही है, जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### शिविर में 33 लोगों ने किया रक्तदान

**सिरसा।** रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। हमारे द्वारा दी गई रक्त की एक बूंद किसी अमूल्य जिंदगी को बचा सकती है। उक्त बातें डॉ. केके गोयल ने मंगलवार को शिव शक्ति ब्लड बैंक में थैलेसीमिया सोसायटी की ओर से रक्तदान शिविर में उपस्थित रक्तदाताओं से कही। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों व सड़क हादसों में घायल लोगों को रक्त की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि रक्त को न तो किसी फैक्ट्री में पैदा किया जा सकता है और न ही इसका कोई विकल्प है। शिविर में डॉ. आरपी मोंगा, निखिल धींगड़ा, मनिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, सीमा देवी, सरोज देवी सहित 33 लोगों ने रक्तदान किया। राजेंद्र भाटिया ने शिविर में 39वीं बार रक्तदान किया। थैलेसीमिया सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रवीन अरोड़ा ने मनीषा सचदेवा को जन्मदिन की बधाई दी।

# दो एएसआई को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पदोन्नत पुलिस कर्मचारियों को बधाई देते एसपी आस्था मोदी।

फतेहाबाद पुलिस विभाग में दो महिला एएसआई शिक्षा देवी व भागवंती पदोन्नत होकर सब इंस्पेक्टर बनी है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसपी ने उम्मीद जताई कि पदोन्नति पाकर समाज में और बेहतर तालमेल कर काम करेंगे और विभाग की गरिमा बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नये पद पर नई ऊर्जा के साथ थाने में आने वाले फरियादी की अच्छे से सुनवाई करके, उसके प्रति सहानुभूति, सहयोग, न्याय व निष्पक्षता के सूत्र पर चल पुलिस की छवि को निखारने का कार्य करें। एएसआई भागवंती महिला थाना फतेहाबाद में जबकि एएसआई शिक्षा देवी थाना टोहाना क्षेत्र में लम्बे समय से अपनी निष्ठा पूर्वक सेवाएं दे रही है। एएसआई भागवंती अपनी कार्यशैली को लेकर हमेशा गंभीर रही है। सामाजिक पारिवारिक मतभेद, छोटी-छोटी बातों में पति-पत्नी के झगडों को लेकर थाने में आए दोनों पक्षों को बड़े शालीनता व सहज भाव से समझा कर हमेशा उनका मनमुटाव दूर करने का प्रयासरत रहती है। एएसआई शिक्षा देवी अपने कार्य को लेकर हमेशा सजग रहती है। उन्हें दिए गए कार्यों पूरी इमानदारी व गम्मभीरता से करती है। पदोन्नत हुए दोनों महिला पुलिस कर्मचारियों को अपने अच्छे कार्यों के लिए पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर सम्मानित भी किया गया है। इस दौरान महिला थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग व पुलिस प्रवक्ता भीम सिंह उपस्थित रहे।

# नशेड़ी के अड्डों को पुलिस ने लोगों के सहयोग से बनाया खेल मैदान

- रानियां कस्बे के स्टेडियम को आमजन के सहयोग से पुलिस जवानों ने ग्राउंड तैयार कर खेल की गतिविधियां शुरू करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। ग्रामीणों के साथ स्टेडियम की सफाई करते पुलिस कर्मी।

जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों के प्रति जोड़ने के लिए लगातार खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। शहरों और गांव में स्थित स्टेडियम जहां पहले आवारा किस्म तथा नशेड़ी युवकों के अड्डे बन चुके थे। पुलिस प्रशासन ने अब कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस जवानों और स्थानीय लोगों की मदद से ग्राउंड तैयार कर खेल गतिविधियां शुरू करवा दी है। रानियां कस्बे के स्टेडियम की घटना पर कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने वहां पर पुलिस जवानों की टीम भेज कर स्थानीय लोगों के सहयोग से ग्राउंड तैयार करवाकर वहां पर खेल गतिविधियां शुरू करवा दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि काफी समय से यह शिकायतें मिल रही थी कि शहर तथा गांव के कुछ स्टेडियमों में आवारा किस्म तथा नशेड़ी युवकों ने अपनी शरण स्थल बना ली है। उन्होंने बताया कि इस पर पुलिस प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया है तथा अब इन सभी खेल ग्राउंडों को पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों की मदद से ग्राउंड तैयार करवाकर वहां खेल गतिविधियां शुरू कर दी गई है। पुलिस जवानों की वालीबॉल, क्रिकेट ,कबड्डी तथा हैंडबॉल की चार टीमों का गठन किया गया है।

### बीघड़ में मां-बेटी को कार ने कुचला, मौत

**फतेहाबाद।** गांव बीघड़ में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में कार की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत हो गई जबकि घर के बाहर खड़ा एक युवक घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में टिब्बा कालोनी, बीघड़ निवासी बलबीर सिंह ने कहा है कि उसने अपने घर के बाहर ढाण्ड रोड पर सड़क के पास लकड़ियां रखी हुई हैं। गत दिवस उसकी पत्नी 33 वर्षीय सुमित्रा व उसकी 12 साल की लड़की रजनी दोनों लकड़ियां लेने के लिए जा रही थी। इसी दौरान गांव बीघड़ की तरफ से आ रही एक कार के चालक के कार को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए उसकी पत्नी व लड़की दोनों को टक्कर दे मारी।

# सीवरेज का खुला मैनहोल दे रहा हादसों को निमंत्रण

- डीएवी स्कूल के मुख्य मार्ग पर पिछले 6 माह से टूटा पड़ा सीवरेज का मेनहोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। सीवरेज का खुला मेनहोल।

न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के डीएवी स्कूल के मुख्य मार्ग पर पिछले 6 माह से टूटा पड़ा सीवरेज का मेनहोल हादसों को निमंत्रण दे रहा है। वार्ड नंबर 3 के पूर्व पार्षद रमेश मेहता ने बताया कि न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के डीएवी स्कूल के मुख्य मार्ग पर विगत 6 माह से सीवर के मेन हॉल का कवर टूटा पड़ा है, जिसे ठीक करने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग को बार-बार अवगत करवाने केबावजूद भी ठीक नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दुपहिया वाहनों, स्कूली बच्चों के साथ दुर्घटना घटती रहती है और मुख्य मार्ग होने की वजह से लोगों का आवागमन भी बहुत रहता है। दो-तीन बार इसमें बेसहारा घूम रहा गोवंश भी गिर कर चोटिल हो चुका है, लेकिन विभाग के कान पर जूं नहीं रेंगी। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए सीएम विंडो पर भी शिकायत डाली गई। शिकायत के तीसरे दिन से विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्लैब को उखाड़ कर बिना ढके सीवर के मेन हाल को खुला छोड़ कर कर्मचारी लापता हो गए, जिससे समस्या और भी बढ़ गई है। सीवर का मैन हॉल जो लगभग 8 फुट गहरा है, खुले में पड़ा है। पूर्व पार्षद रमेश मेहता ने विभाग को चेताया कि अगर इस दौरान कोई जान माल की क्षति होती है तो तो उसकी जिम्मेदारी जनस्वास्थ्य विभाग की होगी।

### नकली सर्टिफिकेट लगाने पर तामसपुर के सरपंच को हटाया गया

**फतेहाबाद।** राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा जारी हिदायतानुसार खंड नागपुर की ग्राम पंचायत तामसपुरा के सरपंच तरसेम सिंह को अयोग्य करार देते हुए सरपंच पद से तुरंत प्रभाव से हटाया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने आदेश जारी कर नागपुर के बीडीपीओ को आदेश दिए है कि वे सरपंच से पंचायत की चल-अचल सम्पति व अन्य रिकार्ड अपने कब्जे में लें और बहुमत वाले पंच को सौंप दें।

जिला में पंचायत आम चुनाव 2022 में ग्राम पंचायत तामसपुरा के सरपंच पद हेतू तरसेम सिंह ने नामांकन पत्र के साथ योग्यता प्रमाण पत्र के तौर पर 10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र लगाया था। यह प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय बोर्ड प्रयागराज द्वारा जारी किया हुआ है। इस संबंध में खंड नागपुर के बीडीपीओ द्वारा गहनता से जांच पड़ताल की गई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के सचिव के पत्र अनुसार यह बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद द्वारा संचालित कोई भी परीक्षा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित किसी भी परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्राप्त नहीं है। सरपंच तरसेम सिंह द्वारा प्राप्त किया गया शिक्षा योग्यता प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त नहीं है। इस प्रकार सरपंच ने यह प्रमाण पत्र लगाकर गुमराह करके चुनाव लड़ा है। इस पर उपायुक्त ने सरपंच को पद से हटा दिया है।

# विभिन्न मंदिरों में पहुंची पूजित अक्षित कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री राम लला के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गई पूजित अक्षत कलश यात्रा आज भी कई मंदिरों में पहुंची। बीघड़ रोड स्थित श्री योग अनुभव मंदिर से होते हुए यात्रा श्री विश्वकर्मा मंदिर, श्री परशुराम मंदिर, श्री वैष्णो माता पिंडी मंदिर और श्री हनुमान मंदिर से होती हुई मनकामेश्वर मंदिर में पहुंची। इसके अलावा पार्षद नीलांशी शर्मा के नेतृत्व में यात्रा में बाजार स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंची। श्री योग अनुभव मंदिर में साध्वी शांति योगानंद द्वारा भव्य स्वागत कलश आरती पूजा करके यात्रा का स्वागत किया गया। उन्होंने उपस्थित संगत को 22 जनवरी को दीपावली की तरह मानने का आह्वान किया। निखिल द्वारा मंगल बधाई गीत गया गया। यात्रा का नेतृत्व उत्तम पाल रुखाया ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। वैष्णो माता के संचालक सचिन शास्त्री ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा में उपस्थित सभी मंदिरों के पदाधिकारीयो पुरोहितों ने 22 जनवरी को सभी मंदिरों और घरों में दीपावली मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस दिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मंदिरों में हवन पूजा व सत्संग के कार्यक्रम किए जाएंगे।

### फतेहाबाद में वामपंथी पार्टियों की संयुक्त कन्वेंशन का आयोजन

# इंडिया गठबंधन को नीतियों का विकल्प पेश करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। कन्वेंशन में क्रान्तिकारी गीतों व कविताओं की पुस्तक का विमोचन करते वामपंथी नेता।

वामपंथी पार्टियों सीपीआई, सीपीआईएम द्वारा फतेहाबाद के शहीद ऊधम सिंह भवन में संयुक्त कन्वेंशन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माकपा जिला सचिव मण्डल सदस्य कामरेड रामकुमार बहबलपुरिया व भाकपा नेता रामफल सेलवाल ने की। संचालन जिला सचिव का. जगतार सिंह, पूर्व सरपंच ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में माकपा के पूर्व राज्य सचिव का. इंद्रजीत सिंह व भाकपा नेता का. स्वर्ण सिंह विर्क पहुंचे। कार्यक्रम शहीद उधम सिंह जयंती, साहिबजादों के शहीदी सप्ताह व शहीद कामरेड बलविन्द्र सिंह भीखीविन्ड की याद को समर्पित रहा। इस मौके शहीद का. बलविंद्र सिंह भिखिविंड के द्वारा अपनी डायरी में लिखित क्रान्तिकारी गीतों व कविताओं की पुस्तक का विमोचन किया गया। उनकी पत्नी जगदीश कौर, बेटे गगनदीप सिंह को, पुस्तक लेखन के लिए पत्रकार धनपत सिंह व मानसा माकपा जिला सचिव का. स्वर्णजीत सिंह दल्यो को सरोपे देकर सम्मानित किया गया।

#### संविधान का मजाक उड़ाया जा रहा

चंडीगढ में 75 वर्ष के बुजुर्गों के खेलों में स्वर्ण पदक विजेता महिला समिति नेता जसवंत कौर, कामरेड छत्रपाल सिंह नथवान, का. जोगिंद्र सिंह भ्याना को भी कैलेंडर तथा बलविंद्र सिंह के गानों की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। माकपा के पूर्व राज्य सचिव का. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि संयुक्त मोर्चा को, भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए जनता के सामने नीतियों का विकल्प पेश करना होगा। भाजपा ने किसान-मजदूरों के मुश्किल से 16-17 लाख करोड़ के कर्जे माफ नहीं किए, कॉरपोरेट मित्रों के 25 लाख करोड़ बट्टे खाते में डाल दिए। मजदूरों के लिए बने 44 श्रम कानूनों को खत्म करके 4 श्रम कोड में बदल कर पूंजीपति मित्रों को मजदूरों के श्रम की और लूट की छूट दे दी गई है। बेरोजगारों को रोजगार देना तो दूर, रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले सरकारी विभागों, संपतियों को ही पूंजीपतियों को मुफ्त में सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि संविधान का मजाक उड़ाया जा रहा है। कानून व्यवस्था ध्वस्त कर दी गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को भी लूट का धंधा बना दिया गया है। इसलिए इंडिया गठबंधन को संविधान सम्मत शासन व्यवस्था देश में कायम करने व जनसमस्याओं के समाधान के लिए जनता के सामने वैकल्पित नीतियों का एजेंडा पेश करके देश व प्रदेश में साम्प्रदायिक कारपोरेट गठजोड़ की भाजपा सरकार को सत्ता से हटाना संभव है। कोई मुस्कील नहीं। माकपा जिला सचिव मण्डल सदस्य कामरेड रामकुमार बहबलपुरिया ने आगामी कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि 25 फरवरी को जींद में उक्त जनमुद्दों को उभारने के लिए संयुक्त वामपंथी पार्टियों द्वारा बड़ी जनलामबंदी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सरकारी अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी

**डबवाली।** डबवाली सरकारी अस्पताल से अज्ञात व्यक्ति का मोटरसाइकिल चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में मौजगढ़ के रविंद्रपाल ने बताया कि 23 दिसंबर को वह डबवाली के सरकारी अस्पताल में गया था। मोटरसाइकिल पार्किंग में खड़ी कर वह काम से चला गया। जब वह वापस आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली।

### वाटर वर्क्स कर्मी से छीना मोबाइल

**सिरसा।** जिले के गांव सांवतखेड़ा के समीप वाटर वर्क्स कर्मचारी से बाइक सवार युवकों ने मोबाइल छीन लिया। पुलिस को दी शिकायत में दीवानखेड़ा निवासी मंगलदास ने बताया कि वह डबवाली में वाटर वर्क्स में नौकरी करता है। 25 दिसंबर की शाम को वह साइकिल पर गांव जा रहा था। सांवतखेड़ा के समीप वह फोन पर बात कर रहा था तभी पीछे से आए बाइक सवार उसके फोन छीनकर भाग गए।

### मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**सिरसा।** जिले के गांव पंजुआना में चोर एक बंद पड़े मकान के पीछे के दरवाजे को तोड़कर अलमारी से 60 हजार रुपए की नकदी सहित लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। इस बारे में मकान मालिक लवकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 23 दिसंबर को वह परिवार सहित रिश्तेदारी में राजस्थान में गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने देर रात्रि को मकान सेंध लगा दी।

### कंबोज सभा ने मनाई उधम सिंह की जयंती

**फतेहाबाद।** शहीद ऊधम सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में कंबोज सभा द्वारा उधम सिंह पार्क में शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर मार्लापण किया गया। कंबोज सभा के जिलाध्यक्ष सुभाष कंबोज ने बताया कि कंबोज सभा शहीद उधम सिंह का जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष सुभाष कंबोज ने कहा कि शहीद उधम सिंह ने देश के लिए अपनी कर्बानी देकर देश की आजादी में अपना योगदान दिया।

### संदीप सचदेवा राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किए

**फतेहाबाद।** विभाजन विभिषिका कल्याण समूह की बैठक रोहतक के जिमखाना कल्ब में हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने की। बैठक में चेयरमैन बोधराज सीकरी ने अपने साथ नई टीम का गठन किया, जिसमें एडवोकेट संदीप सचदेवा अम्बाला को राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया गया।

### संदीप नेहरा ने जताया हाईकमान का आभार

**सिरसा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप नेहरा एडवोकेट ने पूर्व मंत्री कुमारी सैलजा को उत्तराखंड का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया है। नेहरा कहा कि कुमारी सैलजा पार्टी का मजबूत स्तंभ है और पार्टी की नीतियों का संदेश जन जन तक पहुंचाकर पार्टी को मजबूत और संगठित कर रही है, उनका मार्ग दर्शन उत्तराखड़ सरकार के लिए संजीवनी साबित होगा।

---

### वीर साहिबजादों की गौरवमयी गाथा चिर काल तक करती रहेगी प्रेरित

# वीर बाल दिवस पर चेयरमैन ने साहिबजादों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना



टोहाना। शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत करते चेयरमैन सुभाष बराला व छात्र।

हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के अमर बलिदान को समर्पित 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने का फैसला किया। उन्होंने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के अमर बलिदान को समर्पित वीर बाल दिवस पर उनके अदम्य साहस, निर्भीकता एवं वीरता को कोटि-कोटि नमन किया।चेयरमैन सुभाष बराला ने गुरु गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के शहीदी दिवस के अवसर पर जमालपुर रोड पर बने बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह स्मृति द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद साहिबजादों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गुरुद्वारा तूरनगर प्रबंधक कमेटी द्वारा शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। स्मृति द्वार पर शोभा यात्रा का चेयरमैन सुभाष बराला व सैंकड़ों स्कूली छात्रों और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के द्वारा स्वागत किया।

#### शोभायात्रा का स्वागत

बराला ने शोभा यात्रा की अगुवाई कर रहे पांच प्यारों को सिरोपा पहना कर स्वागत किया। स्कूली छात्रों ने सिख इतिहास व बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के जीवन पर आधारित शब्द प्रस्तुत किए। चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि धर्म की रक्षा एवं मातृभूमि की सेवा को समर्पित साहिबजादों की गौरवमयी गाथा चिर काल तक हम सभी को प्रेरित करती रहेगी। आज पूरे भारत में वीर बाल दिवस मना कर दसवें गुरु व सर्वदानी गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को याद किया जा रहा है।

#### अपूर्व उदाहरण

उन्होंने कहा कि विश्व इतिहास में बाल्यावस्था में शौर्य, साहस और दृढ़ता की ऐसी अद्वितीय अमर वीरगाथा कही और नही मिलती जिसमे 6 से 8 वर्ष की आयु के छोटे साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए स्वयं को शहीद कर दिया हो। गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों की यह शहादत धर्म रक्षा के लिए दी गई शहादत का अभूतपूर्व उदाहरण है। भविष्य की हमारी पीढ़ियों को वीर बाल दिवस से प्रेरणा मिलेगी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नप चेयरमैन नरेश बंसल, जिला महामंत्री रिंकु मान, रविंदर मेहता, नरेंद्र गर्ग, बलदेव सैनी, रमन मड़िया, संजय रेवड़ी, जगजीत हुड्डा, पार्षद रोशन लाल, सोनु माथुर, नरेश भाटिया, जगदीश, काला पहलवान, निखिल बंसल, लाली सिधु, अवतार तलवाड़ा, गगन, जगसीर, कुलविंद्र सहित आदि मौजूद रही।

---

### 'निकियां-निकियां जिंदां नीहाँ च चिनाया' कविता से चारों साहिबजादों को किया याद



**फतेहाबाद।** क्रेसण्ट स्कूल में चार साहिबजादों की शहादत को शिद्दत से याद करते हुए विशेष सभा एवं आर्ट की गतिविधियां करवाई गई। विद्यार्थियों ने विशेष सभा में कविता उच्चारण, व्याख्यान एवं साहिबजादो की जीवन कथा का उल्लेख किया। विद्यार्थियों ने आर्ट की कक्षा में साहिबजादो की स्मृति में थैंक्स गिविंग कार्ड भी बनाए। कनिष्का और ईशा के मंच संचालन में रेहान ने चार साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए सुविचार प्रस्तुत किया। गुरजोत ने अपने व्याख्यान में उनकी शहादत के बारे मे विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार भारत की आन-बान और शान के लिए चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह और माता गुजरी ने अपना बलिदान दिया। अभिजोत ने अपनी कविता 'निकियां-निकियां जिंदां नीहाँ च चिनाया' के माध्यम से बताया गुरुजी के दो बड़े साहिबजादे जंग में लड़ते हुए शहीद हो गए।

### चार साहिबजादों व शहीद उधम सिंह के बलिदान बारे दी जानकारी

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में बालवीर दिवस के अवसर पर बच्चों को चार साहिबजादों के जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी नरेश कुमार ग्रोवर ने बच्चों को बताया कि गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने अपने जीवन का बलिदान देकर मानवता की रक्षा की और मानव का कल्याण करने के लिए अपना सर्विस न्योछावर कर दिया। उन्होंने बता कि गुरु गोविंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपने बच्चों में जो संस्कार भरे उसका उदाहरण इतिहास में मिलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि दिसंबर का महीना शहादत का महीना है। ग्रोवर ने बच्चों से कहा कि हमें अपने जीवन में अपने धर्म के लिए सब कुछ न्यौछावर करना पड़े तो करना चाहिए।

### साहिबजादों के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन का आयोजन



**टोहाना।** गुरूद्वारा श्री गुरु नानक संगत सभा तूरनगर द्वारा दशवें पातशाही श्रीगुरूगोबिंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को एक भव्य नगर कीर्तन का आयोजन पांच प्यारों की अगुवाई में किया गया। नगर कीर्तन तूरनगर गुरूद्वारा साहिब से जो बोले सो निहाल के जयकारों के साथ शहर के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन में फूलों से सजी पालकी में श्रीगुरूग्रंथ साहिब जी को सजाया गया था। यह नगर कीर्तन रतिया रोड पर शहीदी गेट, अम्बेडकर चौक, कृष्णा कालोनी स्थित गुरूद्वारा तेग बहादुर साहिब, कैंची चौक, चंडीगढ़ रोड, रामनगर स्थित बाबा बंदा बहादुर, अनाज मंडी स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा, रेलवे रोड से घंटाघर चौक के रास्ते से होता हुआ वापिस तूर नगर गुरूद्वारा में आकर सम्पन्न हुआ। इस नगर कीर्तन का शहर में जगह-जगह श्रद्धुलओं ने भव्य स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में ढाढी जत्थे ने बारां सुनाकर गुरू गोबिंद सिंह जी के साहबजादों द्वारा दी गई शहादत का बखान किया, वहीं बीबीयों के कीर्तन जत्थे ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। गुरुद्वारा के ग्रंथी भाई सतनाम सिंह ने शब्द कीर्तन के द्वारा संगतों को निहाल किया।

### शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि



**सिरसा।** श्री हनुमंत फाउंडेशन सिरसा द्वारा सरबंस दानी श्री गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों द्वारा धर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान की पावन स्मृति व शहीद उधम सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। फाउंडेशन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने गुरु गोबिंद सिंह के छोटे-छोटे बच्चों तथा समस्त परिवार द्वारा दिखाई गई वीरता और धर्म और देश की खातिर अपने प्राण न्योछावर की भावना को याद करते हुए अपने देश व धर्म की आन की खातिर गुरु राष्ट्र और धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके साथ ही जलियांवाला हत्याकांड के लिए जिम्मेदार जनरल डायर को मौत के घाट उतारने वाले वीर शहीद उधम सिंह को उनकी जयंती पर नमन कर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई।

---

## सेल में खरीदारी करने आए व्यक्ति की जैकेट लेकर शातिर हुआ फरार

■ जैकेट में थी 15 हजार रुपये की राशि व जरूरी कागजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर में एकता चौक के समीप कपड़ों की एक दुकान पर लगी हुई सेल में जैकेट खरीदना एक व्यक्ति को उस समय महंगा पड़ गया। जब व्यक्ति की जैकेट के साथ ही उसमें रखे 15 हजार रुपए व कुछ जरूरी कागजात कोई दूसरा व्यक्ति लेकर चला गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी है।

पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के रावतसर निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह सिरसा में दवाई लेने आया था। वह जैकेट खरीदने के लिए सिरसा के एकता चौक के समीप एक दुकान पर पहुंचा। जहां गर्म पकड़ों की सेल लगी हुई थी। विनोद कुमार ने दुकान के अंदर जाकर कई जैकेट देखे। एक जैकेट उसे पसंद आ गया। उसने जैकेट पहनकर देखने के लिए खुद की पहनी हुई जैकेट निकालकर रख दी। उसकी जैकेट में 15 हजार रुपए तथा कुछ जरूरी कागजात थे। जब विनोद कुमार नई जैकेट पहनकर ट्राई कर रहा था, उसी दौरान वहां एक अन्य ग्राहक भी पहुंचा। उस ग्राहक ने विनोद की रखी गई जैकेट पहनी और चुपके से वहां से खिसक गया। जब विनोद ने अपनी जैकेट देखी तो वह गायब मिली।

## ट्रक चालक ने साथियों सहित ट्रक से हजारों की जीरी चुराई

**फतेहाबाद।** रतिया से जीरी लेकर पानीपत जा रहे एक ट्राले से ट्रक चालक ने अपने दो साथियों सहित मिलकर हजारों की जीरी चोरी कर ली। इस बारे पुलिस ने ट्रक मालिक की शिकायत पर तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव रत्ताखेड़ा निवासी मोहित ने कहा है कि उसके पास एक 18 टायर ट्राला है जिसे गांव मिराना निवासी किरपाल सिंह चलाता है। गत दिवस किरपाल सिंह, मंगत इंदौरा व हैप्पी सिंह निवासी कुलां तीनों उसके ट्रक को लेकर रतिया से पानीपत के लिए माल लेकर जा रहे थे। उसने आरोप लगाया कि रास्ते में रतिया रोड से हिसार बाईपास पर इन तीनों ने साजबाल होकर 21 कट्टे जीरी जिनका वजन 10 क्विंटल 50 किलो था, उतार कर चोरी कर लिए। इस जीरी की कीमत 50400 रुपये है। इन लोगों ने एक पिकअप गाड़ी को बुलाया और इस चुराई गई जीरी के कट्टों को

## जेजेपी हरियाणा का सर्वाधिक लोकप्रिय दलः वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। गांव किराड़कोट में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए जजपा जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा।

■ अशोक वर्मा ने गांव किराड़कोट में ग्रामीणों को बैठक में किया संबोधित

जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि जननायक जनता पार्टी ही प्रदेश में एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को उचित मान सम्मान मिलता है और इसलिए आज पूरे हरियाणा में जेजेपी ही सर्वाधिक लोकप्रिय राजनीतिक दल है जिसमें प्रतिदिन लोग शामिल हो रहे हैं। अशोक वर्मा मंगलवार को जिले के गांव किराड़कोट में ग्रामीणों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने पार्टी की कल्याणकारी नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के कुशल नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आमजन के हित के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें अमलीजामा पहना रहे हैं। उनकी नीतियों से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को राजनीतिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंचायतों में आरक्षण, महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में बल प्रदान करने के उद्देश्य से राशन डिपुओं में आरक्षण, युवाओं को रोजगार के लिए निजी औद्योगिक संस्थानों में 75 फीसदी आरक्षण व ग्रामीण आंचल की छात्राओं को शहर में शैक्षणिक संस्थानों में लाने ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था सहित अनेक ऐसे कार्य हैं जो पूरे देश में मिसाल बने हुए हैं। पार्टी की लोकहित नीतियों से प्रभावित होकर उपस्थितजनों ने भी जेजेपी नेतृत्व की प्रशंसा की। इस अवसर पर उनके साथ सुखमंदर सिंह, सुरजीत सिंह, हाकम सिंह, कुलविंद्र सिंह, धर्मसिंह, नसीब सिंह, कर्म सिंह, हरबंस सिंह, हरपाल सिंह, नायब सिंह, गुरतेज सिंह, दयाराम, सुरजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, प्रदीप सिंह व जगजीवन सिंह आदि मौजूद थे।

---

## डेरा बाबा भूमणशाह में कार्यक्रम आयोजित

■ शहीद उधम सिंह की 124वीं जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली



सिरसा। उपायुक्त को सम्मानित करते हुए बाबा ब्रह्मदास। फोटो : हरिभूमि

डेरा बाबा भूमणशाह महाराज के महापरिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह में पहुंचकर शहीद उधम सिंह के 124वीं जयंती पर शहीद उधम सिंह पार्क में उनकी प्रतिमा पर गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज के साथ माल्यार्पण किया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने डेरे के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज को महापरिनिर्वाण दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत उन्होंने डेरे में पहुंच कर मंदिर बाबा भूमण शाह में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि शहीदों का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक होता है।

#### सामाजिक कुरीतियों का डटकर विरोध करें

हमें समाज व देश के लिए कुछ करने का हौसला देते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को समाज व देश में फैली कुरीतियों का डटकर विरोध करना चाहिए और देशसेवा में अपना योगदान देना चाहिए। शहीद उधम सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं, उन्होंने अपना जीवन देश सेवा में लगा दिया। इस अवसर पर गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने शहीद उधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला और डेरा बाबा भूमण शाह द्वारा करवाए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को देश सेवा में हमेशा अग्रणी रहने का आह्वान किया। गौरतलब है कि डेरा बाबा भूमण शाह द्वारा गौशाला, लंगर सेवा, पेड़ लगाओ, नर्सरी, गरीब बेटियों की शादी जैसे सामाजिक कार्य करवाए जाते हैं।

## छात्रा दुर्गा सोनी छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में पाया प्रथम स्थान

■ कुल 3500 विद्यार्थियों ने दिया था पेपर

■ प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने छात्रा को दी बाधई

**चोपटा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां की छात्रा दुर्गा सोनी पुत्री मुकेश कुमार सोनी गांव गुसाईयाना ने किया टॉप। कुल 3500 विद्यार्थीयों ने इस परीक्षा में भाग लिया। छात्रा दुर्गा सोनी ने पूरे जोन में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और अपने गांव का नाम रोशन किया। छात्रा मूल रूप से गांव गुसाईयाना की रहने वाली है तथा वर्तमान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां में कक्षा 9वी की छात्रा है।

कौटिल्य आईआईटी संस्थान द्वारा ली गई। छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले भर में प्रथम स्थान के साथ-साथ जॉन में भी प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने बधाई देते हुए कहा कि किसी भी कंपीटिशन में प्रथम आना अध्यापक और बच्चों के दोनों के ही मेहनत का परिणाम होता है। बच्चों को पढ़ाई का सही माहौल के साथ-साथ बच्चों को कैरियर गाइडेंस की सही जानकारी उपलब्ध कराना एक अध्यापक का परम कर्तव्य होता है। विद्यालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर करियर काउंसलिंग के लिए करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन होता रहता है। जिससे बच्चों को अपने करियर को चुनने की सोच विकसित होती है और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है।

## छात्राओं से छेड़खानी पर अंकुश लगाने की उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

■ तेरापंथ जैन भवन में तेरापंथ महिला मंडल ने संगोष्ठी का करवाया आयोजन

तेरापंथ जैन भवन में तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'कैसे रोके छात्रों से छेड़खानी' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन रजनी मोदी की अध्यक्षता में किया गया।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में निवर्तमान अध्यक्षा उषा जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालयों में अध्यापकों व प्रिंसिपल द्वारा छात्राओं से छेड़खानी की घटनाएं होना बहुत ही चिंताजनक व गंभीर मामला है, जिसे तुरंत प्रभाव से रोका जाना अनिवार्य है।

जब बाढ़ ही खेत को खायेगी तो सुरक्षित कौन रहेगा। उन्होंने कहा कि अभी उचाना में ऐसी एक शर्मनाक घटना हुई है, सरकार व शिक्षा विभाग को ऐसे दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देते हुए उसे नौकरी से निकालकर उसकी संपत्ति कुर्क करके जेल में डाल देना चाहिए। क्योंकि सावधानी, सजगता व सख्ती से ही ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा।

#### कैमरे होने अनिवार्य

वरिष्ठ श्राविका लक्ष्मी जैन ने कहा कि ऐसी छात्राओं से छेड़खानी करने वाले अध्यापकों को हमेशा के लिए नौकरी से निकाल देना चाहिए । सह मंत्री सृष्टि जैन ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सभी विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे होने अनिवार्य है और इसके साथ ही जहां तक हो सके लड़कियों के स्कूल में पुरुष अध्यापकों की नियुक्ति ही ना हो।

महिला मंडल अध्यक्षा रजनी जैन ने कहा कि गांव के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक समिति बनाई जानी चाहिये, जोकि ऐसी घटनाओं पर निगरानी रखें और यदि किसी अध्यापक पर संदेह हो तो उस पर कड़ाई से नजर रखी जाए।

इसके साथ ही शिक्षा विभाग को भी अवगत करवाया जाए ताकि ऐसी घटनाएं होने से रूक सके। वर्षा जैन ने कहा कि किसी भी मुख्याध्यापक को अकेले में अपने कमरे में किसी छात्रा को बुलाने की सख्त मनाही होनी चाहिए। कम से कम 4-5 छात्राएं ही जाए और साथ में एक महिला अध्यापिका का होना भी अनिवार्य होना चाहिए।

---

### दिव्यांगजन 1 जनवरी 2024 तक करवा सकते हैं पंजीकरण

# 518 दिव्यांगजनों को मिलेंगे सवा करोड़ के उपकरण

■ फतेहाबाद के 143 लाभार्थियों को 216 उपकरण, टोहाना के 179 लाभार्थियों को 325 उपकरण व रतिया के 196 लाभार्थियों को 354 विभिन्न प्रकार के उपकरण दिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर डीपीआरसी हॉल में 518 दिव्यांगजनों को एक करोड़ 13 लाख 15 हजार 848 रुपये की राशि के 895 उपकरण वितरित किए जाएंगे। इन उपकरणों में बैटरी वाली रिक्शा, तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, कान से सुनने की मशीन, कृत्रिम व अन्य सहायक उपकरण शामिल हैं। बता दें कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 3 अक्टूबर को डीपीआरसी हाल फतेहाबाद, 4 अक्टूबर को बीडीपीओ कार्यालय रतिया तथा 5 अक्टूबर को किसान रेस्ट हाउस, टोहाना में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए जांच करवाकर पंजीकरण करवाया था। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में जिला प्रशासन व जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साझा प्रयास से एलिम्को मोहाली, पंजाब द्वारा गणतंत्र दिवस पर जिले के सभी 518 दिव्यांगों को ये उपकरण वितरित किए जाएंगे। फतेहाबाद के 143 लाभार्थियों को 216 उपकरण, टोहाना के 179 लाभार्थियों को 325 उपकरण व रतिया के 196 लाभार्थियों को 354 विभिन्न प्रकार के उपकरण दिव्यांगजन को वितरित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम डीपीआरसी हाल में एलिम्को व रेडक्रॉस सोसायटी के साझा प्रयास से किया जा रहा है, जिसमें जिले के 518 दिव्यांगों को गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय समारोह में यह उपकरण वितरित किए जाएंगे। जिला स्तरीय उपकरण वितरण समारोह में दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य कैम्प, आंखों का निशुल्क जांच कैम्प सहित विभिन्न कैम्प एक ही छत के नीचे लगाए जाएंगे जिससे की दिव्यांगों को इसका लाभ मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि जो दिव्यांगजन अभी भी पंजीकरण से वंचित रह गए हैं उनके लिए 26 जनवरी, 2024 को डीपीआरसी हॉल में जांच शिविर भी लगाया जाएगा जिससे की मौके पर ही दिव्यांगों का पंजीकरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि जो दिव्यांगजन अपना पंजीकरण करवाना चाहते हैं वे 1 जनवरी 2024 तक अपना पंजीकरण रेडक्रॉस भवन में जाकर करवा सकते हैं जिसके लिए उन्हें यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड,

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005